**उत्तराखण्ड शासन**
**परिवहन अनुभाग–1**
**संख्या– 01 /IX-1/106/2012/2019**
**देहरादूनः दिनांक 02 जनवरी, 2019**

## अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम, 2003 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 12 वर्ष 2003) की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, अधिसूचना संख्या 1012/ix–1/106/2012 दिनांक 29 नवम्बर, 2012 व अधिसूचना संख्या 889/ix–1/106/(2012)/2015 दिनांक 03 दिसम्बर, 2015 का अधिक्रमण करते हुये, नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट वर्ग के मोटरयानों के सम्बन्ध में उनके सम्मुख स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट कर की दरें नियत करते हैंः–

**सारणी–**

**धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन यानों पर एक बार देय कर की दरें–**

| क्र0 सं0 | यान का विवरण | एक बार देय कर की दरें (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | दुपहिया मोटरयान – | |
| | (क) जिसका मूल्य 50 हजार रूपये से अधिक ना हो | यान के मूल्य का 7 प्रतिशत |
| | (ख) जिसका मूल्य 50 हजार रूपये से अधिक किन्तु 1 लाख रूपये से अनधिक | यान के मूल्य का 8 प्रतिशत |
| | (ग) जिसका मूल्य 1 लाख रूपये से अधिक हो | यान के मूल्य का 9 प्रतिशत |
| 2. | दुपहिया मोटरयान से भिन्न मोटरयान – | |
| | (क) जिसका मूल्य 5 लाख रूपये से अधिक ना हो | यान के मूल्य का 8 प्रतिशत |
| | (ख) जिसका मूल्य 5 लाख रूपये से अधिक किन्तु 10 लाख रूपये से अनधिक | यान के मूल्य का 9 प्रतिशत |
| | (ग) जिसका मूल्य 10 लाख रूपये से अधिक हो | यान के मूल्य का 10 प्रतिशत |

**स्पष्टीकरण–**

1. यान के मूल्य का अभिप्राय यान के एक्स शो रूम मूल्य से है, जिसमें उत्पादन लागत एवं जी0एस0टी0 सहित सभी कर सम्मिलित है;
2. विद्युत बैटरी अथवा सोलर पॉवर अथवा सी0एन0जी0 से चलित यानों पर कर से छूट होगी ;
3. पहले से पंजीकृत यानों पर एक बार देय कर की गणना पुरानी अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिये ऐसे यान पर प्रभावी एक बार देय कर की धनराशि में पॉच प्रतिशत की छूट के अनुसार की जायेगी, परन्तु यह छूट पचहत्तर प्रतिशत से अधिक की नही होगी। इस प्रयोजन हेतु वर्ष की गणना यान के प्रारम्भिक पंजीयन की तिथि से की जायेगी तथा एक वर्ष से कम की अवधि को छोड़ दिया जायेगा;
4. रजिस्ट्रीकृत स्वामी की मृत्यु के कारण यान के स्वामित्व का उसके उत्तराधिकारी को अन्तरण के सिवाय, स्वामित्व अन्तरण पर यान द्वारा भुगतान किये गये, एक बार देय कर की धनराशि का 10 प्रतिशत भाग संदेय होगा।

आज्ञा से

(हरि चन्द्र सेमवाल)
अपर सचिव।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no...01........ dated 02, January,2019 for general information.

**Government of Uttarakhand**
**Transport Section-1**
**No. 01 /ix-1/106/2012/2019**
**Dehradun: dated: 02 January, 2019**

## Notification

In exercise of the powers conferred by sub Section (1) of Section 4 of the Uttarakhand Motor Vehicles Taxation Reforms Act, 2003 (Uttarakhand Act no. 12 of 2003), and in supersession of notification no. 1012/ix-1/106/2012 dated 29 November, 2012 and notification no. 889/ix-106/(2012)/2015 dated 03 December, 2015, the Governor is pleased to fix the rate of tax specified in column (3) of the table below in respect of class of Motor Vehicles specified in corresponding entry in column (2) thereof:-

**Table**

**Rates of one time tax on the vehicles under sub section (1) of Section 4**

| Sl. No. | Description of vehicles | Rates of one time tax (in rupees) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | Two wheeler Motor Vehicles- | |
| | (a) price not exceeding 50 Thousand rupees | 7 percent of the cost of vehicle |
| | (b) price above 50 thousand rupees but not exceeding 1 Lakh rupees | 8 percent of the cost of vehicle |
| | (c) price exceeding 1 Lakh rupees | 9 percent of the cost of vehicle |
| 2. | Motor Vehicles other than Two Wheeler Motor Vehicles- | |
| | (a) price not exceeding 5 Lakh rupees | 8 percent of the cost of vehicle |
| | (b) price above 5 lakh rupees but not exceeding 10 Lakh rupees | 9 percent of the cost of vehicle |
| | (c) price exceeding 10 Lakh rupees | 10 percent of the cost of vehicle |

**Explanation**:

1. Cost of the vehicle shall mean the ex showroom cost of the vehicle and shall include the basic manufacturing cost, the excise duty and all taxes including G.S.T.
2. The motor vehicles driven by Electric Battery or Solar Power or C.N.G. shall be exempted from tax.
3. One time tax for the vehicles registered earlier shall be determined after 5 percent exemption of one time tax, leviable on such vehicle, for each year but such exemption shall not exceed more than 75 percent of such tax. For this purpose the age of the vehicle shall be computed from the date of its original registration and period less than one year shall be ignored.
4. Except where the ownership of the vehicle is transferred on the death of registered owner of the vehicle to his successor, an amount equivalent to 10 percent of one time tax paid by such vehicle shall be charged on transfer of ownership of motor vehicle.

**By Order,**

(Hari Chandra Semwal)
Additional Secretary

**उत्तराखण्ड शासन**
**परिवहन अनुभाग–1**
**संख्या– 02 /IX-1/106/2012/2019**
**देहरादूनः दिनांक 02 जनवरी, 2019**

## अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम, 2003 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 12 वर्ष 2003) की धारा 4 की उपधारा (1–क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, अधिसूचना संख्या 1014/ix–1/106/2012 दिनांक 29 नवम्बर, 2012 का अधिक्रमण करते हुये, नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट वर्ग के मोटरयानों के सम्बन्ध में उनके सम्मुख स्तम्भ 3, स्तम्भ 4 और स्तम्भ 5 में प्रत्येक के सामने यथा विनिर्दिष्ट कर की दरें नियत करते है–

**सारणी–**

**धारा 4 की उपधारा (1–क) के अधीन दुपहिया, तिपहिया मोटर कैब एवं माल यान पर कर की दर–**

| क्र0सं0 | यान का विवरण | तिमाही कर की दर (रूपये में) | वार्षिक कर की दर (रूपये में) | एक बार देय कर की दर (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | ड्राइवर को छोड़कर तीन व्यक्तियों से अनधिक व्यक्तियों के बैठने वालें दुपहिया और तिपहिया मोटर कैब की प्रत्येक सीट के लिये | 230 | 800 | 7,000 |
| 2. | ड्राइवर को छोडकर 03 से अधिक और 06 व्यक्तियों से अनधिक व्यक्तियों के बैठने वाले तिपहिया मोटर कैब की प्रत्येक सीट के लिये, | 280 | 1000 | 7,000 |
| 3. | मालयान जिनका सकल यान भार 3000 कि0ग्रा0 से अनधिक हो, पर सकल यान भार के प्रत्येक मीट्रिक टन या उनके भाग के लिये | – | 1200 | 12,500 |

**स्पष्टीकरण–**

1. क्रम संख्या 1, क्रम संख्या 2 और क्रम संख्या 3 के सम्मुख स्तम्भ (2) में यथा विनिर्दिष्ट मोटरयान जो पहले से पंजीकृत है, पर एक बार देय कर जमा करने के विकल्प की स्थिति में एक बार देय कर की गणना पुरानी अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिये ऐसे यान पर प्रभावी एक बार देय कर की धनराशि में आठ प्रतिशत की छूट के अनुसार की जायेगी, परन्तु यह छूट पचहत्तर प्रतिशत से अधिक की नहीं होगी। इस प्रयोजन हेतु वर्ष की गणना यान के प्रारम्भिक पंजीयन की तिथि से की जायेगी तथा गणना में एक वर्ष से कम की अवधि को छोड दिया जायेगा;
2. विद्युत बैटरी अथवा सोलर पावर अथवा सी0एन0जी0 से चलित यानों पर देय कर से 20 प्रतिशत के बराबर छूट होगी।
3. क्रम संख्या 3 के सम्मुख यथा विनिर्दिष्ट कोई माल यान जब–जब किराये या पारिश्रमिक पर सवारियां ढोते हुये पाया जाय तो यथा स्थिति उसके सम्मुख स्तम्भ 4 या 5 में विनिर्दिष्ट कर के अतिरिक्त 2200 रूपये प्रति सवारी की दर से भी कर देय होगा। जो किसी भी दशा में 6600 रूपये से अधिक नहीं होगा।

**आज्ञा से,**

(हरि चन्द्र सेमवाल)
अपर सचिव।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no...02....... dated 02 January,2019 for general information.

**Government of Uttarakhand**
**Transport Section-1**
**No. 02 /ix-1/106/2012/2019**
**Dehradun: dated: 02 January, 2019**

## Notification

In exercise of the powers conferred by sub section (1-A) of Section 4 of the Uttarakhand Motor Vehicles Taxation Reforms Act, 2003 (Uttarakhand Act no. 12 of 2003), and in supersession of notification no. 1014/ix-1/106/2012 dated 29 November, 2012, the Governor is pleased to fix the rate of tax specified in column 3 column 4 and column 5 of the table below in respect of class of Motor Vehicles specified in corresponding entry in column (2) thereof:-

**Table**

**Rates of tax on two wheeler, three wheeler and goods vehicle under sub-section (1-A) of Section 4**

| Sl. No. | Description of vehicles | Quarterly rate of tax (in rupees) | Annual rate of tax (in rupees) | Rate of one time tax (in rupees) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | Two wheeler and three wheeler motor cab with seating capacity not exceeding three persons excluding of driver for every seat. | 230 | 800 | 7000 |
| 2. | Three wheeler motor cab with seating capacity of more than three and not exceeding six persons excluding of driver for every seat. | 280 | 1000 | 7000 |
| 3. | Goods vehicle, the gross vehicle weight not exceeding 3000 kilograms for each metric ton of the gross vehicle weight or part thereof. | - | 1200 | 12500 |

**Explanation-**

1. Tax on vehicles specified in column 2 against serial no. 1, serial no. 2 and serial no. 3, which are registered earlier and exercise the option of one time tax, shall be determined after eight percent exemption on the one time tax leviable on such vehicle for each year. But such exemption shall not be more than seventy five percent. For this purpose the age of the vehicle shall be computed from the date of its original registration and period less than one year shall be ignored.
2. The Motor vehicles driven by Electric Battery or Solor Power or C.N.G. shal be exempted upto twenty percent of the tax leviable on such vehicle.
3. In case a goods vehicle specified against serial no. 3 is found carrying passengers on hire or reward a tax at the rate of rupees Two Thousand Two Hundred Only for each passenger shall be charged in addition to the tax specified in respect of it in column 4 or 5 as the case may be which shall not exceed rupees six thousand six hundred rupees in any case.

**By Order,**

(Hari Chandra Semwal)
Additional Secretary

**उत्तराखण्ड शासन**
**परिवहन अनुभाग–1**
**संख्या– 03 /IX-1/106/2012/2019**
**देहरादूनः दिनांक 02 जनवरी, 2019**

## अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम, 2003 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 12 वर्ष 2003) की धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, अधिसूचना संख्या 1015/ix–1/106/2012 दिनांक 29 नवम्बर, 2012 का अधिक्रमण करते हुये, नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट वर्ग के मोटरयानों के सम्बन्ध में उनके सम्मुख स्तम्भ (3) और स्तम्भ (4) में प्रत्येक के सामने यथा विनिर्दिष्ट कर की दरें नियत करते है–

**सारणी–**

**धारा 4 की उपधारा (2) के अधीन परिवहन यानों पर कर की दर–**

| क्र0 सं0 | यान का विवरण | मासिक कर की दर (रूपये में) | तिमाही कर की दर (रूपये में) | वार्षिक कर की दर (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | (क) मोटर कैब (दुपहिया एवं तिपहिया मोटरकैब को छोड़कर) और मैक्सी कैब के प्रत्येक सीट के लिये, | 200 | 500 | 1900 |
| | (ख) मोटर कैब (दुपहिया एवं तिपहिया मोटरकैब को छोड़कर) और मैक्सी कैब वाहन जो कि किराया व भाड़ा पर यात्रियों के परिवहन हेतु वैध परमिट से आच्छादित होने के अतिरिक्त सीमित मात्रा में माल ढोने के लिए भी पृष्ठांकित हैं, उनके लिये प्रतिसीट क्षमता हेतु (जिसका सकल यान भार 3000 किग्रा तक हो), | 220 | 600 | 2250 |
| 2. | माल यान, जिनका सकलयान भार 3000 कि0ग्रा0 से अधिक है, के सकल यान भार के प्रत्येक मीट्रिक टन या उसके भाग के लिये | – | 270 | 1000 |
| 3. | (क) कृषि प्रयोजन से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन में प्रयुक्त ट्रैक्टर के लदान रहित भार के प्रत्येक मीट्रिक टन या उसके भाग के लिये | – | 600 | 2100 |
| | (ख) कृषि प्रयोजन से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन में प्रयुक्त ट्रैलर के सकलयान भार के प्रत्येक मीट्रिक टन या उसके भाग के लिये। | – | 270 | 1000 |
| 4. | (क) सन्निर्माण उपस्कर यान या विशेष प्रकार के या विशेष उद्देश्य से निर्मित यान, जो व्यवसायिक उददेश्य से पंजीकृत हो अथवा उपयोग में लाये जाय, के लदान रहित भार के प्रत्येक मीट्रिक टन या उसके भाग के लिये | – | 600 | 2200 |
| | (ख) सन्निर्माण उपस्कर यान या विशेष प्रकार के या विशेष उद्देश्य से निर्मित यान जो उत्तराखण्ड से भिन्न अन्य राज्यों में व्यवसायिक उद्देश्य से पंजीकृत हैं अथवा उपयोग में लाये जाते हैं, के उत्तराखण्ड में व्यवसायिक उपयोग में लाने पर लदान सहित भार के प्रत्येक मीट्रिक टन या उसके भाग के लिये। | – | 600 | 2200 |
| 5. | मोटरयान अधिनियम, 1988 के अधीन भारत के किसी अन्य राज्य | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | में या किसी अन्य देश में तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत ऐसे माल यानों को, जिसके साथ सड़क परिवहन मामलें में पारस्परिक व्यवस्थायें की गयी हो और जो अपने परमिटों के प्रतिहस्ताक्षर के अधीन उत्तराखण्ड में चलाने के लिये प्राधिकृत हो, के सकलयान भार के प्रत्येक मीट्रिक टन या उसके भाग के लिये | — | 150 | 550 |
| **6.** | ड्राईविंग स्कूल के स्वामित्व वाले मोटरयान जो चालकों के प्रशिक्षण देने में अनन्य रूप से प्रयुक्त होते है, के लदान रहित भार के प्रत्येक मीट्रिक टन या उसके भाग के लिये | — | 550 | 2000 |
| **7.** | (क) शिक्षा संस्था बस या स्कूल कैब के प्रत्येक सीट के लिये | — | 100 | 375 |
| | (ख) निजी सेवा यान के प्रत्येक सीट के लिये | — | 175 | 600 |

**<u>स्पष्टीकरण</u>**—

**1.** कृषि उपज का अनन्य रूप से परिवहन करने वाले मालवाहनों के सम्बन्ध में कर की दर क्रम संख्या 2 के स्तम्भ (2) में यथा विनिर्दिष्ट मोटरयानों के सम्मुख स्तम्भ (4) और स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट दर की, दो तिहाई होगी;

**2.** क्रम संख्या 7, के सम्मुख स्तम्भ 2(ख) में यथा विनिर्दिष्ट निजी सेवायान जो वातानुकूलित हो, के लिये प्रति सीट कर की दर उनके सम्मुख स्तम्भ (4) और स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट दर से बीस प्रतिशत अधिक होगी;

**3.** क्रम संख्या 1 के सम्मुख स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट यान जो शिक्षण संस्थाओं के विधार्थियों को या फैक्ट्री के कर्मचारियों को संस्था तक ले जाने और ले आने में अनन्य रूप से प्रयुक्त होते है, पर कर की दर उनके सम्मुख स्तम्भ (3), स्तम्भ (4) और स्तम्भ (5) में यथा विनिर्दिष्ट दर की क्रमशः आधी एवं दो तिहाई होगी।

**4.** इस भाग के क्रम संख्या 4 (क) और (ख) के सम्मुख स्तम्भ (2) में यथा विनिर्दिष्ट ''विशेष प्रकार के या विशेष उददेश्य से निर्मित यान'' का तात्पर्य मोबाइल वक्र शॉप, मोबाइल कैन्टिन, कैम्पर वैन या ट्रैलर, कैश वैन, फायर टेन्डरर्स, स्नोक्रड लैडर, आक्जिलरी ट्रैलर व फायर फायटिंग यान, फोक्र लिफ्ट, रिग, जनरेटर व कम्प्रेशर जैसे उपस्करों से युक्त यान या ट्रैलर क्रैनयुक्त यान, टो ट्रक, ब्रेक डाउन वैन, रिकवरी यान, टॉवर वैगन, ट्री ट्रिमिंग यान, प्रचार यान इत्यादि से है।

**5.** इस भाग के क्रम संख्या 1 एवं क्रम संख्या 7 के प्रयोजन के लिये सीट की गणना में ड्राइवर की सीट को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।,

**6.** इस भाग के क्रम संख्या 2 के सम्मुख स्तम्भ (2) में यथा विनिर्दिष्ट ऐसे मालयान जिनकी रजिस्ट्रेशन के दिनांक से आयु 20 वर्ष से अधिक हो तथा माल वाहन के ऐसे माडल जिनका पहाड पर संचालन सम्भव नहीं है के लिये त्रैमासिक कर की दर में रूपये 30.00 प्रत्येक मीट्रिक टन या उसके भाग के लिये एवं वार्षिक कर की दर में रूपये 100 प्रत्येक मीट्रिक टन या उसके भाग के लिये, छूट होगी।

7. इस भाग के क्रम संख्या 4 (ख) के स्तम्भ (2) में यथा विनिर्दिष्ट मोटरयान के उत्तराखण्ड में बिना कर जमा किये संचालित पाये जाने पर प्रत्येक बार पकडे जाने पर 3000 रूपये लदान रहित भार के प्रत्येक मीट्रिक टन या उसके भाग के लिये कर देय होगा।

**आज्ञा से,**

(हरि चन्द्र सेमवाल)
अपर सचिव।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no...03..... dated 02 January,2019 for general information.

**Government of Uttarakhand**
**Transport Section-1**
**No. 03 /ix-1/106/2012/2019**
**Dehradun: dated: 02 January, 2019**

# Notification

In exercise of the powers conferred by sub section (2) of Section 4 of the Uttarakhand Motor Vehicles Taxation Reforms Act, 2003 (Uttarakhand Act no. 12 of 2003), and in supersession of notification no. 1015/ix-1/106/2012 dated 29 November, 2012, the Governor is pleased to fix the rate of tax specified in column (3) and column (4) of the table below in respect of class of Motor Vehicles specified in corresponding entry in column (2) thereof:-

**Table**
**Rates of tax on transport vehicles under sub-section (2) of Section 4**

| Sl. No. | Description of vehicles | Monthly rate of tax (in rupees) | Quarterly rate of tax (in rupees) | Annual rate of tax (in rupees) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | (a) Motor cab (except two wheeler and three wheeler motor cab) and maxi cab for every seat. | 200 | 500 | 1900 |
| | (b) Motor cab (except two wheeler and three wheeler motor cab) and maxi cab (the gross vehicle weight not exceeding 3000 Kilograms) covered under valid permit to carry passengers for hire or reward, besides endorsed for carriage of limited quantity of goods, for every seat | 220 | 600 | 2250 |
| 2. | Goods vehicle gross vehicle weight exceeding 3000 kilograms for each metric ton of the gross vehicle weight or part thereof | - | 270 | 1000 |
| 3. | (a) Tractor which is used for commercial purposes other than agricultural purposes for each metric ton of the unladen weight or part thereof | - | 600 | 2100 |
| | (b) Trailer which is used for commercial purposes for each metric ton of the gross vehicle weight or part therof | - | 270 | 1000 |
| 4. | (a) Construction equipment vehicle or vehicle constructed for special purpose or special design, registered or used for commercial purposes for each metric ton of unladen weight or part thereof | - | 600 | 2200 |
| | (b) Construction equipment vehicle or vehicle constructed for special purpose of special design registered in any other state and used for commercial purposes. in uttarakhand for each metric ton of the unladen weight or part thereof | - | 600 | 2200 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **5.** | Goods vehicles registered under motor vehicle act, 1988 in any other state or in any other country under any other law enforce at that time with which reciprocal arrangements in the matter of road transport have been made and which are authorized to ply in Uttarakhand under the countersignature of their permits for each metric ton of the unladen weight or part thereof | - | 150 | 550 |
| **6.** | Motor vehicles owned by driving school and which are exclusively used for imparting instruction to the drivers for each metric ton of the unladen weight or part thereof | - | 550 | 2000 |
| **7.** | (a) Educational institution bus or school cab for every seat | - | 100 | 375 |
| | (b) Private Service Vehicle for every seat | - | 175 | 600 |

**Explanation-**

1. The rate of tax in respect of the goods vehicle exclusively carrying agricultural produce, instrument, tool, eatable, fertilizer, pesticide and other material and equipment relating agriculture work, shall be two third of the rate specified in column (4) and column (5) in respect of the vehicles specified in column (2) against serial no 2.
2. The rate of tax in respect of air conditioned vehicle shall be twenty percent more than the rates specified in column (4) and column (5) in respect of the vehicle specified in column (2) (b) against serial no. 7 .
3. The rate of tax in respect of the vehicles which are exclusively used for carrying students or workers to and from the educational institution or factory, as the case may be, specified in column (2) against serial no. 1 shall be half and two third respectively of the rate specified in column (3) column (4) or column (5).
4. Vehicle constructed for special purpose or special design specified in column (2) (a) (b) against serial no. 4 of this part means mobile workshop, mobile canteen, camper van or trailer, cash van, fire tenders, snorked ladder, auxiliary trailers and fire fighting vehicles, fork lift, vehicles or trailers fitted with equipment like rig, generator, compressor, crane mounted vehicle, tow truck, break down van, recovery van, tower wagons, tree trimming vehicles, exhibition van etc.
5. The driver seat shall not be taken into account while computing the seats for the purpose of serial no. 1 and serial no. 7 of this part.
6. The rates of tax in respect of goods vehicle whose age is more than twenty years from the date of its registration and such model of goods vehicles whose operation is not possible in hill shall be exempted upto rupees thirty per metric ton or part thereof per quarter or rupees one hundred per metric ton or part thereof per year, as the case may be, as shown against column (2) of serial no. 2 of this part.
7. In case vehicle specified in column 2 against serial no. (4) (b) if found operated in Uttarakhand without paying tax, rupees three thousand each metric ton of unladen or part thereof shall be charged for each time.

**By Order,**

(Hari Chandra Semwal)
Additional Secretary

**उत्तराखण्ड शासन**
**परिवहन अनुभाग–1**
**संख्या– 04 /IX-1/106/2012/2019**
**देहरादूनः दिनांक 02 जनवरी, 2019**

## अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम, 2003 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 12 वर्ष 2003) की धारा 4 की उपधारा (2–क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, अधिसूचना संख्या 1016/ix–1/106/2012 दिनांक 29 नवम्बर, 2012 का अधिक्रमण करते हुये, नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट वर्ग के मोटरयानों के सम्बन्ध में उनके सम्मुख स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट कर की दरें नियत करते हैं :–

**सारणी–**

**धारा 4 की उपधारा (2–क) के अधीन सार्वजनिक सेवा यानों पर कर की दर–**

| क्र0 सं0 | यान का विवरण | प्रतिसीट कर की दर (रूपये में) मासिक | तिमाही | वार्षिक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | ठेका गाड़ी 12 सीट से अधिक व्यक्तियों के बैठने के स्थान वाली (मोटर कैब एवं मैक्सी कैब को छोडकर) | 125 | 350 | 1300 |
| 2. | (1) मंजिली गाड़ी द्वारा एक माह में तय की गयी 1500 कि0मी0 तक की, दूरी के लिये– | | | |
| | (क) मैदानी मार्ग पर,– | 100 | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का तीन गुना, | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का ग्यारह गुना, |
| | (ख) पर्वतीय मार्गों पर,– | मैदानी मार्ग के लिये निर्धारित दर का आधा | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का तीन गुना, | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का ग्यारह गुना, |
| | (2) 1500 कि0मी0 से अधिक प्रत्येक अतिरिक्त कि0मी0 के लिये,– | रूपये 0.04 प्रतिसीट प्रतिकि0मी0 जो उपरोक्त में जोडा जायेगा, | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का तीन गुना, | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का ग्यारह गुना, |
| 3. | मंजिली गाड़ियां जो नगर निगम या नगर पालिका की सीमा के भीतर अनन्य रूप से संचालित हों, | क्रम संख्या–2(1) (क) में निर्दिष्ट मैदानी मार्ग की दर का आधा | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का तीन गुना, | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का ग्यारह गुना, |
| 4. | मोटरयान अधिनियम, 1988 के अधीन भारत के किसी अन्य राज्य में या किसी अन्य देश में तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत ऐसी मंजिली गाड़ियों को, जिसके साथ सड़क परिवहन के मामलें में पारस्परिक व्यवस्थायें की गयी हों और जो अपने परमिट के प्रतिहस्ताक्षर के अधीन | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | उत्तराखण्ड में चलाने के लिये प्राधिकृत हो द्वारा–<br>(1) एक माह में तय की गयी 1500 कि0मी0 तक की दूरी के लिये, | 90 | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का तीन गुना, | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का ग्यारह गुना, |
| | (2) 1500 कि0मी0 से अधिक प्रत्येक अतिरिक्त कि0मी0 के लिये,– | रूपये 0.04 प्रतिसीट प्रतिकि0मी0 जो उपरोक्त में जोडा जायेगा, | स्तम्भ 3 में विनिर्दिष्ट दर का तीन गुना | स्तम्भ 3 में निर्दिष्ट मासिक दर का ग्यारह गुना, |
| **5.** | मोटरयान, जो एक ऐसे मार्ग पर चलते है, जिसके उत्तराखण्ड राज्य से भिन्न भारत के राज्य में उसके प्रारम्भिक बिन्दु और अंतिम बिन्दु दोनों स्थित हों, किन्तु ऐसे मार्ग का कुछ भाग उत्तराखण्ड राज्य में पडता हो और ऐसे भाग की लम्बाई 16 कि0मी0 से अधिक नहीं हो, के प्रत्येक सीट के लिये | 75 | 210 | 775 |

**स्पष्टीकरण–**

**1.** वातानुकूलित यानों पर प्रति सीट कर की दर इस भाग के स्तम्भ (2) में यथा विनिर्दिष्ट मोटर यानों के लिये स्तम्भ (3), स्तम्भ (4) और स्तम्भ (5) में यथा विनिर्दिष्ट दर से पच्चीस प्रतिशत अधिक होगी।

**2.** इस भाग के क्रम संख्या 2 के सम्मुख स्तम्भ 2 के अधीन किसी मंजिली गाड़ी द्वारा एक मास में तय की गयी दूरी उतनी होगी जितनी एक तरफ के फेरों की संख्या को जैसी परमिट की शर्तों के अधीन अनुज्ञा दी जाय, ऐसे एक फेरे में अन्तर्ग्रस्त कुल किलोमीटर से गुणा करने पर प्राप्त हो।

**3.** इस भाग के अधीन कर मोटर यान अधिनियम, 1988 के सुसंगत उपबन्धों के अधीन रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात सीटों की अधिकतम संख्या पर देय है। इस प्रयोजन के लिये खड़े रहने की स्वीकृत क्षमता, यदि कोई हो, का 50 प्रतिशत अतिरिक्त बैठने की क्षमता के रूप में गिना जायेगा, तथा जहॉ कोई मोटरयान स्लीपिंग बर्थ से सज्जित हो, वहॉ प्रत्येक स्लीपिंग बर्थ को दो यात्री सीट के बराबर समझा जायेगा। सीट की गणना में मंजिली गाडी के सम्बन्ध में ड्राइवर की सीट एवं कन्डक्टर की सीट तथा ठेका गाडी के सम्बन्ध में ड्राईवर की सीट को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

**4.** ऐसे समय तक जब तक कि यथा स्थिति राज्य परिवहन प्राधिकरण या सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा सारणी समय मापनों और फेरों का निर्धारण नही कर दिया जाता है। कोई संचालक राज्य परिवहन उपक्रम सहित इस अधिनियम के प्रवर्तन से पूर्व यान द्वारा संचालित फेरों के आधार पर प्राप्त मासिक तय की गयी दूरी पर कर का भुगतान करेगा।

**5.** पर्वतीय मार्ग का तात्पर्य पिथौरागढ़, चम्पावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर, रूद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी और टिहरी गढवाल जिले, देहरादून जिले की चकराता तहसील, नैनीताल, चम्पावत और पौड़ी गढवाल जिलों के उन भागों, जो पूर्व में टनकपुर से होकर पश्चिम में काठगोदाम, रामनगर, कोटद्वार से लक्ष्मण झूला तक तलहटी के आधार पर उत्तर की ओर पडता है और देहरादून शहर की नगरपालिका सीमा से आगे मसूरी की ओर की सभी सड़कों से है।

**6.** जहॉ किसी मोटर यान का उपयोग विभिन्न प्रयोजनों के लिये या ऐसी रीति से किया जाता है, जिससे कि वह एक से अधिक श्रेणी के लिये कर योग्य हो जाय, वहॉ देय

कर सबसे ऊँची समुचित दर पर होगी। परन्तु मंजिली गाडी जिसका संचालन पर्वतीय मार्गों एवं मैदानी मार्गों दोनो में होता है के द्वारा प्रतिमाह तय की गयी दूरी का 80 प्रतिशत से अधिक भाग पर्वतीय मार्गों पर पडता है से इस भाग के स्तम्भ 2 में क्रम संख्या 2 के 1क के सम्मुख विनिर्दिष्ट मोटरयानों के लिये स्तम्भ 3 में यथाविनिर्दिष्ट दर पर कर देय होगा।,

7. इस भाग में उल्लिखत ''नगर निगम'' और ''नगर पालिका'' का क्रमशः वही तात्पर्य होगा, जो उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 और उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 यथा उत्तराखण्ड में लागू, में उनके लिये दिया गया है।

8. क्रम संख्या 1 के सम्मुख स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट यान जो शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों को लाने एवं ले जाने के लिये अनन्य रूप से प्रयुक्त होते हैं तथा ऐसे वाहन जो कि फैक्ट्री के कर्मचारियों को संस्था तक ले जाने और ले आने में अनन्य रूप से प्रयुक्त होते हैं, के लिये क्रमशः कर की दर उनके सम्मुख स्तम्भ (3), स्तम्भ (4) और स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट दर की क्रमशः आधी एवं दो तिहाई होगी।

**आज्ञा से,**

(हरि चन्द्र सेमवाल)
अपर सचिव।

In pursuance of the provisions of Clause (3) of article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no.....04........ dated 02, January,2019 for general information.

**Government of Uttarakhand**
**Transport Section-1**
**No. 64 /ix-1/106/2012/2019**
**Dehradun: dated: 02, January, 2019**

# Notification

In exercise of the powers conferred by sub section (2-A) of Section 4 of the Uttarakhand Motor Vehicles Taxation Reforms Act, 2003 (Uttarakhand Act no. 12 of 2003), and in supersession of notification no. 1016/ix-1/106/2012 dated 29 November, 2012, the Governor is pleased to fix the rate of tax specified in column (3), column (4) and column (5), of the table below in respect of class of Motor Vehicles specified in corresponding entry in column (2) thereof:-

**Table**

**Rates of tax on public service vehicles under sub-section (2-A) of Section 4**

| Sl. No. | Description of vehicles | Rates of tax per seat (in rupees) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Monthly | Quarterly | Yearly |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | Contract carriage with seating capacity for more than twelve persons (excluding motor cab and maxi cab) | 125 | 350 | 1300 |
| 2. | (1) Stage carriage distance run in a month upto 1500 kilometers<br>a- For plain routes | 100 | Three times of the monthly rates specified in column 3 | Eleven times of the monthly rates specified in column 3 |
| | b- For hill routes | half of the rate fixed for plain routes | Three times of the monthly rates specified in column 3 | Eleven times of the monthly rates specified in column 3 |
| | (2) For each kilometre exceeding 1500 kilometre | Rs. 0.04 per seat per kilometre which shall be added in the above | Three times of the monthly rates specified in column 3 | Eleven times of the monthly rates specified in column 3 |
| 3. | Stage carriage exclusively operating within the limits of municipal corporation or municipality | half of the rate specified for plain routes above for vehicle specified in Serial no.(2)(1)(a) | Three times of the monthly rates specified in column 3 | Eleven times of the monthly rates specified in column 3 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **4.** | Stage carriages registered under motor vehicles act, 1988 in any other state or in any other country under any other law enforce at that time with which reciprocal arrangement have been made in the matter of road transport and which are authorized to ply in Uttarakhand under countersignature of their permits, | | | |
| | (1) distance run in a month upto 1500 kilometers. | 90 | Three times of the monthly rates specified in column 3 | Eleven times of the monthly rates specified in column 3 |
| | (2) For each kilometre exceeding 1500 kilometre | Rs. 0.04 per seat per kilometre which shall be added in the above | Three times of the monthly rates specified in column 3 | Eleven times of the monthly rates specified in column 3 |
| **5.** | Motor vehicle which operate on the route whose both the starting point and the terminal point situate within the State of India excluding Uttarakhand but part of such route lies with in Uttarakhand and the length of such part does not exceed sixteen kilometers, for every seat | 75 | 210 | 775 |

**Explanation-**

(1) The rate of tax in respect of air conditioned vehicle shall be twenty five percent more than the rates specified in column (3), column (4) and column (5) of the vehicles specified in column (2).

(2) The distance covered in one month of a stage carriage under column (2) against serial no. 2 of this part shall be such numbers of one way trips as are permitted under the conditions of the permit multiplied by the total kilometers involved in one such trip.

(3) The tax payable under this part shall be on the maximum number of seats permitted by the registering authority under the relevant provisions of The Motor Vehicles Act, 1988. For this purpose fifty percent of the sanctioned standing capacity if any, shall be reckoned as additional seating capacity and where a motor vehicle is equipped with sleeping berths, each sleeping berth shall be regarded as the equivalent to two passenger seats. The conductor's and the driver's seat of stage carriage and driver's seat of contract carriage will not be included in seats.

(4) Until such time as the timings and trips are fixed by The State Transport Authority or The Regional Transport Authority, as the case may be, an operator including the company or state transport undertaking shall pay tax on the monthly run distance to be arrived at on the basis of trips operated by the vehicle prior to the enforcement of this Act.

